# कार्यालय-प्राचार्य, शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, राजनांदगाँव (छ.ग.)

E-mail - shivnathcollege@gmail.com, website - www.govtshivnathcollege.in, Phone no. 07744-291599

## ।। केन्द्रीय दिव्यांगजन छात्रवृत्ति सूचना ।।

दिनांक 08/08/2024

महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त नियमित दिव्यांग छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय दिव्यांगजन छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु केन्द्रीय दिव्यांगजन छात्रवृत्ति (नवीन/नवीनीकरण) के लिये आवेदन कर सकते है। विद्यार्थी ऑनलाईन छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरकर महाविद्यालय कार्यालय में जमा करे। आवेदन जमा करने की अंतिम **तिथि 31.08.2024 है।**

**छात्रवृत्ति आवेदन पत्र के साथ निम्न दस्तावेज संलग्न करें–**

1. केन्द्रीय दिव्यांगजन छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हार्डकापी। (आवेदन में फोटो भी चस्पा करें)
2. महाविद्यालय में वर्तमान कक्षा में अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र जो संस्था प्रमुख द्वारा सत्यापित हो।
3. विद्यार्थियों का दिव्यांग प्रतिशत न्यूनतम 40 प्रतिशत होना अनिवार्य है, तथा दिव्यांग प्रमाण–पत्र स्वयं सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।
4. विद्यार्थी नियमित रूप से उत्तीर्ण हो तथा गेप व ओपन के माध्यम से उत्तीर्ण न हो।
5. 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं अंतिम कक्षा के उत्तीर्ण अंकसूची की स्वयं सत्यापित छायाप्रति।
6. आय (मूलप्रति) जाति व निवास प्रमाण–पत्र की छायाप्रति। जिसमें आय प्रमाण–पत्र समक्ष अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो तथा परिवार की वार्षिक आय 250000/– (दो लाख पचास हजार मात्र) से अधिक नहीं होनी चाहिए।
7. महाविद्यालय के परिचय पत्र की छायाप्रति।
8. वर्तमान कक्षा के प्रवेश फीस रसीद की छायाप्रति।
9. विद्यार्थी के राष्ट्रीयकृत बैंक खाता पासबुक के प्रथम पेज एवं अंतिम एन्ट्री पेज की स्पष्ट छायाप्रति जिसमें IFSC कोड का उल्लेख हो तथा जो **आधार कार्ड से लिंक हो व बैंक खाता आधार सीडेड होना चाहिए**। इसके बिना छात्रवृत्ति का हस्तांतरण नहीं होगा।
10. आधार कार्ड की छायाप्रति।
11. ऑनलाईन आवेदन करने हेतु वेबसाइट https://scholarships.gov.in/ में जाकर आवेदन किया जा सकता है।

टीप: ऑनलाईन आवेदन फार्म जमा करते समय प्रवेश रसीद की मूलप्रति लाना अनिवार्य है। विद्यार्थी कोई भी एक ही छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते है। आधार कार्ड, बैंक खाता एवं छात्रवृत्ति फार्म में विद्यार्थी का एक जैसा नाम होना अनिवार्य है।

श्री शिवेन्द्र कुमार
छात्रवृत्ति प्रभारी

प्राचार्य
शास. शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय
राजनांदगांव (छ.ग.)